प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. श्रावणी मेला की दूसरी सोमवारी को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश।
2. जामताड़ा के बगडेहरी में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने नवनिर्मित थाना भवन का किया उद्घाटन, वहीं मिहिजाम में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास।
3. झारखंड में देश की पहली माइनिंग टूरिज्म पहल का आज होगा शुभारंभ, रांची में झारखंड पर्यटन विकास निगम और सीसीएल के बीच एमओयू पर होंगे हस्ताक्षर।
4. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सीआरपीएफ, पुलिस और जगुआर की संयुक्त कार्रवाई, सरायकेला खरसावां में 14 आईईडी और विस्फोटक बरामद कर जंगल में किया गया नष्ट।
5. मौसम विभाग ने रांची समेत छह जिलों में आज गरज के साथ बारिश की जताई संभावना, लोगों से खुले में ना जाने और सतर्क रहने की अपील की।

*******************

राजकीय श्रावणी मेला में आज दूसरी सोमवारी को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कल पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने विभिन्न स्थलों का दौरा कर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मौके पर मंत्री ने दुम्मा बॉर्डर से रुटलाइन का पैदल निरीक्षण कर पेयजल, स्वास्थ्य, सफाई, रोशनी और सुरक्षा जैसी सुविधाओं को चौबीसों घंटे सुचारु रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता, हर स्थान पर एम्बुलेंस और एनडीआरएफ की तत्परता सुनिश्चित करने को कहा।

*******************

बाबानगरी देवघर में सावन की दूसरी सोमवारी पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

*******************

जामताड़ा जिले के बगडेहरी में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने नवनिर्मित थाना भवन का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन पुलिस कर्मियों को बेहतर ढंग से कार्य करने में मदद करेगा। और इससे स्थानीय लोगों को भी बेहतर पुलिस सेवा प्राप्त हो सकेगी।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कल जामताड़ा जिले के मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र में कलवर्ट, ड्रेनेज सहित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मिहिजाम को एक स्वच्छ और सुसज्जित शहर के रूप में विकसित करने का प्रयास जारी है। साथ ही मंत्री ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

*******************

झारखंड पर्यटन विकास निगम – जेटीडीसी और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड– सीसीएल के संयुक्त प्रयास से भारत की पहली माइनिंग टूरिज्म पहल की शुरुआत होने जा रही है। इस ऐतिहासिक परियोजना का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध खनन विरासत को पर्यटन के रूप में विकसित करना है। इसका एमओयू हस्ताक्षर समारोह आज 11 बजे रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री सुदिव्य कुमार सहित, जेटीडीसी और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने चाईबासा और सरायकेला–खरसावां के सीमावर्ती जंगलों में सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाए गए 14 आईईडी बम, हैंड ग्रेनेड और विस्फोटक सामग्री बरामद की। बरामद आईईडी का वजन लगभग 2–2 किलोग्राम था, जिन्हें मौके पर ही बम निरोधक दस्ते ने नष्ट कर दिया। भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नक्सली नेता इन विस्फोटकों का उपयोग सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की साजिश के तहत कर रहे थे। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी राकेश रंजन ने बताया कि नक्सली गतिविधियों को विफल करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

*******************

जमशेदपुर में झारखंड आंदोलन के शहीद भोजोहरी महतो और गोमा सिंह का शहादत दिवस कल श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के मांडू विधायक तिवारी महतो, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस और वरिष्ठ नेता हरेलाल महतो सहित कई नेता उपस्थित रहे। मौके पर विधायक तिवारी महतो ने कहा कि शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए आजसू को एक बार फिर आंदोलन की जरूरत है।

*******************

चतरा जिले में सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रोजेक्ट रेल की तर्ज पर साप्ताहिक टेस्ट और मूल्यांकन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने आज रांची, हजारीबाग, गुमला, रामगढ़, लोहरदगा और खूंटी जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। साथ ही अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने लोगों से वज्रपात से सतर्क रहने और खुले क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित अखबारों ने अलग अलग खबरों को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है राज्य में सीएनटी एसपीटी एक्ट के जमीन प्रबंधन का ऑडिट बंद।

प्रभात खबर ने लिखा है मॉनसून सत्र आज से, सरकार बोली हर मुददे पर चर्चा को तैयार।

हिंदुस्तान के शब्द हैं – दो नक्सलियों की फांसी की सजा पर हाईकोर्ट की खंडपीठ एकमत नहीं।

दैनिक जागरण लिखता है–एयर इंडिया का रांची दिल्ली विमान ग्राउंडेड, यात्रियों ने किया हंगामा।

*******************